पत्रिका

रेलवे और बस स्टेशन से 5500 किलो पनीर जब्त! जानें नकली पनीर के ये लक्षण... ऐसे करें जांच

CG News: छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले में फूड एंड ड्रग विभाग ने सोमवार को रायपुर रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड भाठागांव में 5500 किलो पनीर जब्त किया। ये पुणे और यूपी से आया बताते हैं। त्यौहारी सीजन खत्म होने के बाद भी नकली पनीर मिलने से आशंका जताई जा रही है कि राजधानी में इसे धड़ल्ले से खपाया जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार नकली पनीर स्वास्थ्य के लिए बेहद नुकसानदायक है।

जानकारी मिली थी कि रेलवे स्टेशन पर मध्यप्रदेश से 49 बॉक्स व बस से पुणे की डेयरी से 53 बॉक्स पनीर आया था। फूड एंड ड्रग विभाग की टीम ने सूचना के बाद इसे जब्त किया। अफसरों के अनुसार एक बाक्स में 50 किलो पनीर मिला है। इस प्रकार 102 बॉक्स में 5100 किलो पनीर मिला है। पनीर लेने वालों के नहीं पहुंचने से इसके नकली होने की आशंका बढ़ गई है। इसके बाद विभाग ने पनीर को जब्त कर लिया है।

वहीं, इसके सैंपल कालीबाड़ी स्थित लैब में भिजवा दिया है। रिपोर्ट आने बाद पनीर निर्माताओं के खिलाफ फूड एंड ड्रग एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। अफसरों ने बताया कि बॉक्स में मिले पनीर असली नहीं है। डालडा, स्कीम मिल्क पावडर व पॉम आइल को मिलाकर पनीर बनाया गया है। जबकि ओरिजनल पनीर दूध से बनाया जाता है। दस्तावेज के अनुसार एक किलो पनीर का मूल्य 171 रुपए लिखा है।

Source: https://www.patrika.com/raipur-news/cheese-seized-from-railway-and-bus-station-know-these-symptoms-19333725